सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर–272202
उ०प्र०(भारत)Email Id: registrarsidduniv@gmail.com


पत्रांकः 737 / सि०वि०वि / सा०प्रशा० / 2026 दिनांकः 10 / 09 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल अधिकारी,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**विषयः–स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत DigiShakti Portal पर सत्र 2026–27 में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के डेटा अपलोड किए जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 दिनांक–08.09.2026 द्वारा निर्गत निर्देश (पत्र संलग्न) के क्रम में अवगत कराना है कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत DigiShakti Portal पर **सत्र 2026–27** में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का डेटा अपलोड किए जाने हेतु पोर्टल की सुविधा दिनांक 01.09.2026 से उपलब्ध करा दी गयी है।

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य / नोडल अधिकारियों द्वारा **उक्त के आलोक में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है–**

1. सत्र 2026–27 में नवप्रवेशित पात्र छात्र–छात्राओं का डेटा उपलब्ध अभिलेखों से मिलान कर सावधानीपूर्वक तैयार करते हुए त्रुटिरहित डेटा अपलोड किया जाए।
2. अपलोड डेटा को नियमानुसार सत्यापन करते हुए आधार प्रमाणीकरण एवं पोर्टल पर उपलब्ध अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करायी जाएं तथा किसी त्रुटि की स्थिति में तत्काल परीक्षण कर आवश्यक सुधार किया जाए।
3. प्राचार्य / नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि केवल पात्र एवं वास्तविक रूप से नामांकित छात्र–छात्राओं का ही डेटा पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा उक्त कार्य की नियमित समीक्षा की जाए।
4. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाविद्यालय स्तर पर कोई भी पात्र छात्र–छात्रा, डेटा अपलोड, डेटा सत्यापन एवं आधार E-KYC की कार्यवाही से वंचित न रहे।

अतः समस्त संबंधित नोडल अधिकारियों एवं महाविद्यालय के प्रबंधक एवं प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए DigiShakti Portal पर सत्र 2026–27 के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के डेटा अपलोड की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–उक्तवत्!

10/09/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. नोडल अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय (परिसर), कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. प्रभारी, कोडिंग सेल, कॉलेज लॉगिन एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित करनें हेतु।
4. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

संख्या-1461/सत्तर-1-2026

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव,
   समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
   उ0प्र0।
2. निदेशक,
   उच्च शिक्षा,
   प्रयागराज, उ0प्र0।
3. अपर सचिव,
   उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद,
   लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनॉक:08 सितम्बर, 2026

विषय- स्वामी विवेकानन्द युवासशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत "डिजीशक्ति पोर्टल" पर सत्र 2026-27 में नवीन छात्रों के डाटा को अपलोड करने हेतु पोर्टल को खोले जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड(updesco), लखनऊ के पत्र संख्या-D/26-27/1991 दिनांक 14.8.2026 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विभाग/जनपद/विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत आने वाले समस्त संस्थानों के नोडल अधिकारियों को सूचित करने के लिये सम्बन्धित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में की गई अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए योजना से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

Digitally signed by
(शकील अहमद सिद्दीकी)
Shakil Ahmad Siddiqui
संयुक्त सचिव
Date: 07-09-2026 11:17:41

updesco

सन्दर्भ संख्याः- D/26-27/1991
दिनांकः- 14/08/2026

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग; व्यावसायिक शिक्षा/कौशल विकास मिशन; चिकित्सा शिक्षा विभाग; सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम; पशुधन विभाग; कृषि विभाग; कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग;संस्कृति विभाग; दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग; बेसिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. कुलपति,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज; अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़; बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ; बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी; केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, वाराणसी; राजीव गाँधी नेशनल एवीएशन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज, अमेठी; नेहरु ग्राम भारती, प्रयागराज; उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फोरेंसिक साइंस, लखनऊ; लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल कौशल और प्रशिक्षण परिषद, मेरठ; केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, वाराणसी, उत्तर प्रदेश।

**विषयः- स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत "डिजीशक्ति पोर्टल" पर सत्र 2026-27 में नवीन छात्रों के डाटा को अपलोड करने हेतु पोर्टल को खोले जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही हैं कि शासनादेश संख्या 975/77-1-2022-156/2021 दिनांक 18 जुलाई, 2022 के अनुपालन में प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की गयी है जिसके क्रम में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से यूपीडेस्को नोडल संस्था के रूप में कार्यरत है।उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु यूपीडेस्को स्तर से डिजीशक्ति पोर्टल का विकास कर संचालन किया जा रहा है।

2. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में डिजिशक्ति पोर्टल पर सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के छात्र-छात्राओं के डाटा को अपलोड किए जाने का प्रविधान उपलब्ध है।समस्त विश्वविद्यालयों/बोर्ड/सोसाइटी/परिषद में नवीन सत्र 2026-27 प्रारंभ हो चुका है साथ ही कतिपय विश्वविद्यालयों/बोर्ड/सोसाइटी/परिषद स्तर से नवीन छात्र-छात्राओं को एनरोलमेंट नंबर भी अलॉट कर दिया गया है।इस संबंध में डिजिशक्ति पोर्टल पर सत्र 2026-27 के नवीन छात्र-छात्राओं को पोर्टल पर अपलोड

**उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड**
(उ. प्र. सरकार का उपक्रम)
अपट्रान बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ- 226010 दूरभाष: 0522-2307803
ई-मेल : mdupdesco.up@gmail.com|website : www.upite.gov.in/UPDESCO

(एम० पी० अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग

(अमृत त्रिपाठी)
सचिव
उच्च शिक्षा विभाग

(निधि श्रीवास्तव)
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ०प्र० शासन।

किये जाने हेतु प्रविधान दिनांक 01.09.2026 से उपलब्ध कराया जाना निर्धारित किया गया है।

3. उक्त के सन्दर्भ में आपके अंतर्गत आने वाले समस्त संस्थानों से अपेक्षित है कि दिनांक 01.09.2026 से पूर्व, सत्र 2026-27 का डाटा डिजीशक्ति पोर्टल पर दिये गये निर्धारित फार्मेट में भरकर तैयार रखें जिससे डाटा अपलोड करने हेतु पोर्टल खुलते ही नवीन डाटा ससमय अपलोड किया जा सके।

कृपया उक्तवत अवगत होते हुये अपने विभाग/जनपद/विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत आने वाले समस्त संस्थानों के नोडल अधिकारियों को सूचित करने के लिये विभाग/जनपद/विश्वविद्यालय स्तर के इस योजना से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
SAMEER VERMA
Date: 12-08-2026
18:55:01

(समीर)

प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ.प्र. शासन।
2. प्रमुख सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ.प्र. शासन।
3. नोडल अधिकारी, योजना से अच्छादित समस्त विश्वविद्यालय/बोर्ड/सोसाइटी/काउंसिल को ई-मेल के माध्यम से।

(समीर)

प्रबन्ध निदेशक